दिन—बुधवार दिनांक— 04 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी प्रति सिलेंडर एक सौ रुपये बढ़ाई। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर कोयल नहर परियोजना के लिए एक हजार आठ सौ छत्तीस करोड़ रुपए मंजूर किये।

02. केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एस. पी. बघेल ने कहा — राज्य सरकार से दो सौ एकड़ जमीन मिलने के तुरंत बाद दरभंगा एम्स का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

03. भाजपा ने जातिगत सर्वे की प्रक्रिया में हेरा—फेरी का आरोप लगाया। पार्टी प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने कहा— लालू प्रसाद और नीतीश कुमार के समर्थक जातियों की संख्या बढ़ा—चढ़ा कर दिखाई गयी।

04 रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की सीबीआई अदालत ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, तेजस्वी प्रसाद यादव और मीसा भारती को जमानत दी।

05 और, एशियाई खेलों में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन। भारतीय खिलाड़ियों ने सत्रह स्वर्ण, इकतीस रजत और बत्तीस कांस्य पदक समेत कुल अस्सी पदक जीते।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी प्रति सिलेंडर एक सौ रुपये बढ़ा दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर तीन सौ रुपये प्रति सिलेंडर करने को मंजूरी दी है।

———बाईट———

वहीं, कैबिनेट ने बिहार की उत्तर कोयल नहर परियोजना के बांकी बचे कार्यों को पूरा करने के लिए केंद्रीय हिस्सा के रूप में एक हजार आठ सौ छत्तीस करोड रुपए की मंजूरी प्रदान की। इस परियोजना के पूरा होने पर औरंगाबाद और गया समेत चार जिलों में बयालीस हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि की सिंचाई हो सकेगी। और ब्यौरे के साथ है हमारे संवाददाता।

———बाईट———

————————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एस. पी. बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार से दो सौ एकड़ जमीन मिलने के तुरंत बाद दरभंगा एम्स का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। दरभंगा के एकमी –शोभन में लोगों को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की लापरवाही के कारण एम्स का निर्माण कार्य अब तक संभव नहीं हो सका है। इससे पूर्व श्री बघेल ने एम्स निर्माण की मांग को लेकर सांसद गोपालजी ठाकुर का अनश्चितकालीन अनशन समाप्त करवाया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय और अश्विनी चौबे, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष हरि सहनी और स्थानीय विधायक संजय सरावगी समेत भाजपा के कई विधायक और विधान पार्षद मौजूद थे। गौरतलब है कि सांसद गोपालजी ठाकुर एम्स निर्माण की मांग को लेकर दो अक्टूबर से एकमी–शोभन में अनशन पर बैठे थे।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने जातिगत सर्वे की प्रक्रिया पर सवाल उठाया है। पार्टी प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पूरी प्रक्रिया में कहीं से पारदर्शिता नहीं बरती गयी। उन्होंने कहा कि आंकड़ों में हेरा–फेरी की गयी है और उस जाति की संख्या अधिक दिखाई गयी है, जो लालू प्रसाद और नीतीश कुमार के समर्थक माने जाते हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि सर्वे कार्य के दौरान उनके घर आये कर्मियों ने कोई जानकारी एकत्र नहीं की और न ही सर्वे प्रपत्र पर उनका हस्ताक्षर ही लिया।

———बाईट———

———————————————————————

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने जातीय गणना की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किये हैं। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्ष उन्नीस सौ इकतीस की जातीय जनगणना में राज्य में यादव जाति की आबादी चार प्रतिशत से कुछ अधिक थी और इस बार की रिपोर्ट में यादव जाति की आबादी चौदह प्रतिशत से अधिक है। वहीं, वर्ष उन्नीस सौ इकतीस के आंकड़ों से तुलना करने पर कई जातियों की जनसंख्या में गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि इस बार हुई जातीय गणना में यादव की सभी उपजातियों को एक साथ मिला दिया गया जबकि कई अन्य जातियों की उपजाति की अलग–अलग गणना की गयी है।

———बाईट———

———————————————————————

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की सीबीआई अदालत ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव और राजद सांसद मीसा भारती को जमानत दे दी है। पचास हजार रूपये के मुचलके पर सभी को जमानत दी गयी। अब इस मामले की अगली सुनवाई सोलह अक्टूबर को होगी। गौरतलब है कि वर्ष दो हजार चार से दो हजार नौ तक यूपीए सरकार में रेल मंत्री रहते हुये राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर रेलवे में नौकरी देने के बदले जमीन लेने का आरोप है।

———————————————————

केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती ने बिहार पुलिस में सिपाही के लिए भर्ती परीक्षा का नया कार्यक्रम जारी कर दिया है। अब यह परीक्षा छब्बीस नवम्बर, तीन दिसम्बर और दस दिसम्बर को दो पालियों में आयोजित की जायेगी। गौरतलब है कि परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद एक अक्टूबर को हुई परीक्षा रद्द कर दी गयी थी और आगे की परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया था।

———————————————————

बिहार पुलिस में सिपाही भर्ती के लिए एक अक्टूबर को आयोजित लिखित परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने के मास्टर माइंड चंदन कुमार को एसआईटी ने लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा से गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से कई कागजात जब्त किये गये हैं। एसआईटी ने चंदन कुमार के बैंक खातों को सील कर दिया है।

———————————————————

चीन में खेले जा रहे एशियाई खेलों में भारत ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। भारत सत्रह स्वर्ण पदक के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। वहीं, भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक इकतीस रजत और बत्तीस कांस्य पदक समेत कुल अस्सी पदक जीते हैं। इससे पूर्व दो हजार अठारह के जकार्ता एशियाई खेलों में भारतीय दल ने कुल सत्तर पदक अपने नाम किये थे। और ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

———बाईट———

एथलेटिक्स में पुरूषों के भाला फेक में नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण और किशोर कुमार जेना ने रजत पदक जीता। महिलाओं की चार गुणा चार सौ रिले टीम ने और आठ सौ मीटर दौड़ में हरमिलन बैंस ने रजत पदक जीता। पुरूषों के पांच हजार मीटर दौड़ में रजत पदक अपने नाम किया। 35 किलोमीटर रेस वॉक मिक्स्ड टीम में रामबाबू और मंजू रानी की जोडी ने कांस्य पदक जीता। तीरंदाजी कंपाउंड में ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देवताले की मिकस्ड जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहाइन रजत और परवीन हुड्डा ने कांस्य पदक हासिल किया। कुश्ती में सुनील कुमार में ग्रीको रोमन में कांस्य पदक अपने नाम किया। स्कवॉश में मिक्स्ड डबल्स में अनाहत सिंह और अभय सिंह की जोड़ी को कांस्य पदक मिला। वहीं, दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने फाइनल में प्रवेश किया। सिंगल्स में सौरव घोषाल ने भी फाइनल में जगह बनाई।हॉकी में भारतीय पुरूष टीम ने सेमीफाइनल में कोरिया को 5–3 से हराया। फाइनल में भारत का मुकाबला जापान से होगा।

समाचार कक्ष में कल्पना झा।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की गयी। सबसे अधिक रोहतास के दिनारा में एक सौ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार, बांका और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की आशंका है।

———बाईट———

———————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्र और राज्य में हो रही लगातार बारिश के कारण गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, गंगा और सोन नदी के जलस्तर में कई स्थानों पर बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पश्चिम चंपारण जिले में गंडक नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। आज सुबह वाल्मीकिनगर गंडक बराज से नदी में एक लाख तेईस हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया। बराज के सभी छत्तीस फाटक खोल दिये गये हैं। जिला प्रशासन ने अधिकारियों को किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं। वहीं, कैमूर जिले के कई हिस्सों में बाढ़ के हालात हैं। जिले से होकर गुजरने वाली कर्मनाशा, दुर्गावती और सुवारा जैसी मौसमी नदियां उफान पर हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि दुर्गावती नदी का पानी रामपुर प्रखंड के निचले इलाकों में फैल गया है। जिले के ग्यारह प्रखंडों में राहत और बचाव कार्य के लिए आपदा प्रबंधन और मेडिकल टीम का गठन किया गया है।

———————————————————————

राज्य में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। डेंगू मरीजों की संख्या सात हजार के आंकड़े को पार कर गयी है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से डेंगू के लक्षण मिलते ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करने की अपील की है। नई दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर जतिन आहूजा ने डेंगू से बचाव के लिए सुरक्षा उपायों को अपनाने की सलाह दी है।

———बाईट———

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक राजीव नंदन दांगी का पटना के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने गया जिले के गुरुआ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। उनके निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा में नेता

प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष हरि सहनी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समेत कई गणमान्य लोगों ने गहरी संवेदना जतायी है।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. केन्द्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी प्रति सिलेंडर एक सौ रुपये बढ़ाई। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर कोयल नहर परियोजना के लिए एक हजार आठ सौ छत्तीस करोड़ रुपए मंजूर किये।

02. केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एस. पी. बघेल ने कहा – राज्य सरकार से दो सौ एकड़ जमीन मिलने के तुरंत बाद दरभंगा एम्स का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

03. भाजपा ने जातिगत सर्वे की प्रक्रिया में हेरा–फेरी का आरोप लगाया। पार्टी प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने कहा– लालू प्रसाद और नीतीश कुमार के समर्थक जातियों की संख्या बढ़ा–चढ़ा कर दिखाई गयी।

04 रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की सीबीआई अदालत ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, तेजस्वी प्रसाद यादव और मीसा भारती को जमानत दी।

05 और, एशियाई खेलों में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन। भारतीय खिलाड़ियों ने सत्रह स्वर्ण, इकतीस रजत और बत्तीस कांस्य पदक समेत कुल अस्सी पदक जीते।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।